

### हमारे लिए बहुत बड़ी सीरीज

लायन ने कहा, मैं इस बात को लेकर काफी रोमांचित हूं कि भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया में खेलने आ रही है। यह एशेज के समान ही हमारे लिए बहुत बड़ी सीरीज है। वह क्रिकेट की दुनिया के पावर हाउस हैं। उनकी टीम में शानदार खिलाड़ी हैं। दर्शकों के सामने या उनके बिना खेलना हमारे हाथ में नहीं है, हम दुनियाभर में मौजूद शानदार स्वास्थ्य विशेषज्ञों की सलाह पर अमल करेंगे।

## विराट खुद को किसी भी हालात में ढाल सकते हैं: नाथन लायन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मेलबर्न। कोरोना वायरस वैश्विक महामारी के कारण दुनियाभर में खेल गतिविधियां बंद हैं ऐसे में ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज सोच रहे हैं कि विराट कोहली बिना दर्शकों के मैदान में कैसा प्रदर्शन करेंगे।

भारत और ऑस्ट्रेलिया को इस साल के अंत में चार टेस्ट मैचों की सीरीज खेलनी है। और ऐसा माना जा रहा है कि कोविड–19 के असर के चलते शायद इस सीरीज को दर्शकों के बिना खाली मैदान में ही खेला जाए। ऑस्ट्रेलिया के ऑफ स्पिनर नाथन लायन ने मंगलवार को कहा कि यह देखना दिलचस्प होगा कि कोहली उस समय कैसा प्रदर्शन करते हैं जब मैदान में दर्शकों का समर्थन उन्हें नहीं मिल रहा होगा। लायन ने क्रिकेट.कॉम.एयू से कहा, वह शायद किसी भी परिस्थिति में खेल सकते हैं। लेकिन मैं उस दिन मिशेल स्टार्क से बात कर रहा था और हम यही चर्चा कर रहे थे कि जब मैदान पर दर्शक नहीं होंगे तो यह देखना दिलचस्प होगा कि कोहली कैसे उससे तालमेल बैठाएंगे। उन्होंने कहा, यह थोड़ा अलग होगा लेकिन कोहली एक सुपरस्टार हैं। वह हर हालात में खुद को ढाल लेंगे।

## न्यूज डायरी



### टेस्ट क्रिकेट को बचाने के लिए यह है नासिर हुसैन का प्लान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने कहा है कि टेस्ट क्रिकेट को तभी बचाया जा सकता है जब गेंदबाजों को बल्लेबाजों के मुकाबले ज्यादा फायदा हो। साथ ही पहली पारी का स्कोर 300 रन के आसपास बनें। हुसैन मानते हैं कि पहली पारी में पिच से गेंदबाजों को अधिक मदद मिलनी चाहिए उनका मानना है कि इससे टेस्ट क्रिकेट का स्वरूप बदलने में मदद मिलेगी। आधिकारिक प्रसारणकर्ता के साथ बातचीत में नासिर हुसैन ने कहा, एक महत्वपूर्ण बात जिस पर मैं ध्यान दिलाना चाहूंगा कि अगर पिचें वैसी सपाट होंगी जैसी कि कुछ साल पहले क्रैम्ब्रिज में थीं जिस पर जेम्स एंडरसन ने करीब 600 गेंद खेलकर 90 रन बनाए थे। ऐसी पिचों पर खेल बोरिंग और पुराना लगने लगता है। उन्होंने कहा, ऐसे दिन टेस्ट क्रिकेट से जाने चाहिए।

### कोरोना के कारण अगले साल तक टाले जा सकते हैं सभी अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल मैच

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा के उपाध्यक्ष विक्टर मोंटेगलियानी ने कहा है कि कोरोना वायरस महामारी के कारण यात्रा प्रतिबंधों और क्लब प्रतियोगिताओं को पूरा मौका देने के लिए अंतरराष्ट्रीय मैचों को 2021 तक टाला जा सकता है। कनाडाई नागरिक तथा उत्तर–मध्य अमेरिका एवं कैरेबियाई क्षेत्र के अध्यक्ष मोंटेगलियानी फीफा के उस कार्यसमूह के प्रमुख हैं जिसे विश्व भर में फुटबाल गतिविधियों पर पिछले महीने से लगी रोक के बाद भावी योजना तैयार करने का जिम्मा सौंपा गया है। फीफा पहले ही मार्च और अप्रैल में होने वाले अंतरराष्ट्रीय मैचों को रद्द कर चुका है। मोंटेगलियानी ने कहा है कि सितंबर, अक्टूबर और नवंबर में होने वाले राष्ट्रीय टीमों के मैचों को भी रद्द किया जा सकता है। उन्होंने कहा, 'यह मेरी निजी राय है कि केवल स्वास्थ्य कारणों से ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय यात्रा प्रतिबंधों के कारण भी यह थोड़ा चुनौतीपूर्ण होगा।'

### आईपीएल के बराबर ही हो रणजी ट्रॉफी में प्रदर्शन की अहमियत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नागपुर। अपने समय के शानदार बल्लेबाज रहे चंद्रकांत पंडित ने फर्स्ट क्लास स्तर पर कोच के रूप में काफी सफलता हासिल की है। दो दशक से ज्यादा के अनुभव के साथ पंडित ने साबित किया कि उनके स्कूल के कोचिंग तरीके हमेशा व्यवहार्य रहेंगे। हमारे सहयोगी अखबार टाइम्स ऑफ इंडिया के साथ खास बातचीत में चंद्रकांत ने कहा कि घरेलू क्रिकेट का सम्मान किया जाना चाहिए और युवाओं को टेस्ट क्रिकेट के लिए तैयार करना भी जरूरी है। उन्होंने साथ ही कहा कि युवा क्रिकेटरों को आईपीएल में सीधे और जल्दी मौका नहीं दिया जाना चाहिए। 58 वर्षीय कोच ने कहा, 'घरेलू क्रिकेट का सम्मान किया जाना चाहिए। युवा खिलाड़ियों को हम टेस्ट क्रिकेट के लिए तैयार करना चाहते हैं और ऐसे में उन्हें इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में एकदम से अवसर नहीं दिया जाना चाहिए। रणजी ट्रॉफी का प्रदर्शन आईपीएल के जितना महत्वपूर्ण होना चाहिए।

### पूर्व पाकिस्तानी फर्स्ट क्लास क्रिकेटर जफर सरफराज का निधन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पाकिस्तान के पूर्व प्रथम श्रेणी क्रिकेट जफर सरफराज की मौत हो गई है। जफर का कोविड–19 टेस्ट पॉजीटिव आया था। वह 50 वर्ष के थे। उन्होंने 1988 में डेब्यू किया था। वह वेंटिलेटर पर थे और उन्हें तीन दिन पहले पेशावर के एक निजी अस्पताल के आईसीयू में भर्ती करवाया गया था। सरफराज, एक बाएं हाथ के मध्यक्रम के बल्लेबाज थे। उन्होंने पेशावर के लिए 15 फर्स्ट क्लास मैचों में 616 रन बनाए थे। उन्होंने 6 अंतरराष्ट्रीय वनडे मैचों में 96 रन बनाए। 1994 में उन्होंने क्रिकेट से संन्यास लिया। संन्यास के बाद उन्होंने पेशावर की सीनियर और अंडर–19 टीमों की कोचिंग भी की। पाकिस्तान में कोरोना वायरस महामारी के चलते 100 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। पाकिस्तान में कोविड के कुल 5500 मामले हैं और इसमें 744 खैबर पख्तूनख्वा में ही हैं।

# उसेन बोल्ट ने बताया,कैसे करें सोशल डिस्टैंसिंग का पालन

### अपील

आवश्यक दूरी बनाए रखने की लगातार अपील की जा रही है

### कोरोना को लेकर सोशल मीडिया पर अपना पुराना फोटो ट्वीट किया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। घातक कोरोना वायरस से बचाव का एक तरीका सोशल डिस्टैंसिंग है और महान स्प्रिंटर उसेन बोल्ट ने इसी को लेकर सोशल मीडिया पर अपना पुराना फोटो ट्वीट किया। चीन से फैले इस खतरनाक वायरस से बचाव के तौर पर कई देशों में सोशल डिस्टैंसिंग यानी लोगों से आवश्यक दूरी बनाए रखने की लगातार अपील की जा रही है।

बोल्ट ने सोमवार को 2008 के बीजिंग ओलिंपिक की अपनी ऐतिहासिक तस्वीर पोस्ट की जब उन्होंने 100 मीटर के फाइनल में जीत हासिल की थी और रेकॉर्ड बनाया था। उन्होंने ईस्टर पर अपने फैंस को शुभकामनाएं भी दीं। बोल्ट ने 2008 ओलिंपिक गेम्स में बीजिंग के बर्ड नेस्ट स्टेडियम में पुरुषों की 100 मीटर दौड़ का फाइनल जीता था, जो रेस उन्होंने केवल 9.69 सेकंड में पूरी कर वर्ल्ड और ओलिंपिक रेकॉर्ड बनाया था।



जमैका के इस दिग्गज धावक ने ना केवल रेस जीती बल्कि वह अमेरिकी धावक रिचर्ड थॉम्पसन से 0.20 सेकंड आगे रहे। थॉम्पसन दूसरे नंबर पर रहे थे। 33 वर्षीय बोल्ट ने इस पुरानी तस्वीर का इस्तेमाल यह दिखाने के लिए किया कि कैसे इस मुश्किल समय में हर किसी को लोगों से पर्याप्त दूरी बनाए रखनी चाहिए। बोल्ट ने पुरुषों की 200 मीटर दौड़ में भी जीत दर्ज की थी और डबल ओलिंपिक गोल्ड मेडलिस्ट बने थे। बोल्ट ने करियर में वर्ल्ड चैंपियनशिप में 11 और ओलिंपिक गेम्स में 8 गोल्ड मेडल अपने नाम किए।

### साई में भी तीन मई तक नहीं चलेंगे ट्रेनिंग सेंटर

नई दिल्ली। भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के देश भर के सभी ट्रेनिंग कैंप तीन मई तक स्थगित रहेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कोविड–19 महामारी को रोकने के लिए देशव्यापी लॉकडाउन बढ़ाए जाने की घोषणा के बाद यह फैसला किया गया। साई सूत्रों ने प्रधानमंत्री के राष्ट्र के नाम संबोधन के बाद मंगलवार को पीटीआई से कहा, 'लॉकडाउन के कारण साई के सभी कैंप 14 अप्रैल तक स्थगित किए गए थे। हम 14 अप्रैल के बाद आगे के बारे में फैसला करने पर विचार कर रहे थे लेकिन अब जबकि लॉकडाउन बढ़ा दिया गया है तो शिविर भी तीन मई तक स्थगित रहेंगे।' भाला फेंक के स्टार ऐथलीट नीरज चोपड़ा जैसे खिलाड़ियों को हालांकि साई हॉस्टलों में रहने की अनुमति दी जाएगी। चोपड़ा पिछले महीने तुर्की से लौटने के बाद एनआईएस पटियाला में हैं।

## लॉकडाउन 3 मई तक बढ़ा, बीसीसीआई ने तब तक के लिए टाला आईपीएल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। घातक कोरोना वायरस से बचाव के तौर पर देशव्यापी लॉकडाउन फिलहाल 3 मई तक बढ़ने के बाद प्रतिष्ठित इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) को भी तब तक के लिए टाल दिया गया है। यह जानकारी भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सूत्रों ने दी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को पूरे देश में 3 मई तक लॉकडाउन बढ़ाने का ऐलान किया जिसके बाद क्रिकेट प्रेमियों के मन में सवाल उठने लगा कि अब आईपीएल का क्या होगा। आईपीएल को आयोजकों और फ्रैंचाइजियों से विचार–विमर्श के बाद 15 अप्रैल तक के लिए टाल दिया गया था लेकिन अब 3 मई तक देश में लॉकडाउन है, ऐसे में आईपीएल के 13वें एडिशन के आयोजन पर भी सवालिया चिन्ह लग गया।





आईपीएल के 13वें एडिशन के आयोजन पर भी सवालिया चिन्ह लग गया

न्यूज एजेंसी एएनआई के मुताबिक, बीसीसीआई सूत्रों ने कहा, जैसा कि सरकार ने लॉकडाउन को 3 मई तक के लिए बढ़ा दिया है तो हमने इंडियन प्रीमियर लीग को तब तक टालने का फैसला किया है। आईपीएल के 13वें एडिशन की शुरुआत 29 मार्च से होनी थी लेकिन कोविड–19 के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए इसे टाल दिया गया। इससे पहले बीसीसीआई कोषाध्यक्ष अरुण धूमल ने कहा था कि फिलहाल आईपीएल के भविष्य को लेकर फैसला लेने की स्थिति में बोर्ड नहीं है।

चीन से फैले खतरनाक कोरोना वायरस के कारण भारत में 300 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है जबकि 10 हजार से ज्यादा लोग संक्रमित पाए गए हैं। इस बीच सरकार सभी देशवासियों से अपने–अपने घरों पर रहने और सोशल डिस्टैंसिंग का पालन करने की अपील कर रही है।

### अख्तर के समर्थन में उतरे अफरीदी बोले- कपिल देव के बयान से निराशा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कराची। पाकिस्तान के पूर्व ऑलराउंडर शाहिद अफरीदी ने कोविड–19 महामारी के खिलाफ लड़ाई में धनराशि जुटाने के लिए भारत और पाकिस्तान के बीच एकदिवसीय सीरीज कराने के शोएब अख्तर के प्रस्ताव का समर्थन किया है। इसके साथ ही इस पूर्व कप्तान ने कहा है कि इस मामले में उन्हें कपिल देव की प्रतिक्रिया से निराशा हुई है। अफरीदी ने संवाददाताओं से कहा कि उन्हें भारतीय के पूर्व ऑलराउंडर कपिल देव और इंडियन प्रीमियर लीग के पूर्व अध्यक्ष राजीव शुक्ला की टिप्पणियों पर आश्चर्य हुआ है, जिन्होंने अख्तर के सुझाव को नकार दिया था। अफरीदी ने कहा, 'पूरी दुनिया कोरोनो वायरस के खिलाफ लड़ रही है। इस दुश्मन को हराने के लिए हमें हमारे क्षेत्र में एकता की जरूरत है। ऐसे में इस तरह की नकारात्मक टिप्पणियों से कोई मदद नहीं मिलेगी। अफरीदी ने कहा, 'मुझे भारत और पाकिस्तान के बीच क्रिकेट मैच के शोएब अख्तर के सुझाव में कुछ भी गलत नहीं दिखता।' उन्होंने कहा, 'कपिल देव की प्रतिक्रिया ने मुझे हैरान किया। मुझे उनसे बेहतर प्रतिक्रिया की उम्मीद थी।